No. of Printed Pages : 4

एम.एच.डी.-2

हिन्दी में स्नातकोत्तर उपाधि (एम.ए. हिन्दी)

सत्रांत परीक्षा

03636

जून, 2016

एम.एच.डी.-2 : आधुनिक हिन्दी काव्य

समय : 3 घण्टे *अधिकतम अंक : 100*

नोट : ***प्रथम*** *प्रश्न अनिवार्य है । शेष प्रश्नों में से किन्हीं* ***चार*** *के उत्तर दीजिए ।*

1. निम्नलिखित में से किन्हीं ***तीन*** अवतरणों की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : *3×12=36*

(क) जीवन की जटिल समस्या
है बढ़ी जटा सी कैसी ?
उड़ती है धूल हृदय में
किसकी विभूति है ऐसी ?
जो घनीभूत पीड़ा थी
मस्तक में स्मृति-सी छायी
दुर्दिन में आँसू बनकर
वह आज बरसने आयी ।

(ख) जो तुम आ जाते एक बार !

कितनी करुणा कितने सँदेश
पथ में बिछ जाते बन पराग;

गाता प्राणों का तार तार
अनुराग भरा उन्माद राग,
आँसू लेते वे पद पखार !

हँस उठते पल में आर्द्र नयन
धुल जाता ओठों से विषाद,

छा जाता जीवन में वसन्त
लुट जाता चिर संचित चिराग,
आँखें देती सर्वस्व वार !

(ग) प्रात नभ था बहुत नीला शंख जैसे
भोर का नभ
राख से लीपा हुआ चौका
(अभी गीला पड़ा है)
बहुत काली सिल ज़रा से लाल केसर से
कि जैसे धुल गयी हो
स्लेट पर या लाल खड़िया चाक
मल दी हो किसी ने
नील जल में या किसी की
गौर झिलमिल देह
जैसे हिल रही हो ।

(घ) दुःखों के दाग़ों को तमग़ों-सा पहना,
अपने ही ख़यालों में दिन-रात रहना,
असंग बुद्धि व अकेले में सहना,
ज़िन्दगी निष्क्रिय बन गई तलघर ।

(ङ) निकल गली से तब हत्यारा
आया उसने नाम पुकारा
हाथ तौलकर चाकू मारा
छूटा लोहू का फ़व्वारा
कहा नहीं था उसने आख़िर उसकी हत्या होगी

भीड़ ठेलकर लौट गया वह
मरा पड़ा है रामदास यह
देखो-देखो बार-बार कह
लोग निडर उस जगह खड़े रह
लगे बुलाने उन्हें जिन्हें संशय था हत्या होगी ।

2. भारतेंदु हरिश्चंद्र की कविता की प्रमुख विशेषताएँ बताइए । *16*

3. मैथिलीशरण गुप्त की काव्य-भाषा और काव्य-शिल्प पर विचार कीजिए । *16*

4. जयशंकर प्रसाद की कविताओं में अभिव्यक्त राष्ट्रीय-सांस्कृतिक चेतना को उद्‌घाटित कीजिए । *16*

5. 'राम की शक्तिपूजा' की काव्यगत विशेषताएँ बताइए । *16*

6. नागार्जुन की कविताओं के रचना-विधान पर प्रकाश डालिए । *16*

7. 'अँधेरे में' कविता का विश्लेषण कीजिए । *16*

8. शमशेर के काव्य की विचार-भूमि क्या है ? स्पष्ट कीजिए । *16*

9. श्रीकांत वर्मा की कविताओं में व्यक्त राजनीतिक दृष्टि का आलोचनात्मक मूल्यांकन कीजिए । *16*